# भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के अलीपुर स्थित रॉयल आर्चीज फॉर्म में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें उत्तर पश्चिमी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पटका पहना कर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस दौरान उत्तर पश्चिमी जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, लोकसभा प्रभारी राजकुमार भाटिया सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। दिल्ली में सबसे अधिक मत लेकर सांसद चुने गए योगेंद्र चंदोलिया ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर तक की गई मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सूची में पहले नंबर पर रिठाला से नरेला तक मेट्रो विस्तार रहेगा। इस परियोजना को सिरे चढ़ाने के लिए जी जान लगा देंगे। वहीं आने वाले 100 दोनों में संकल्प पत्र में कही गई बातों पर अमल शुरू हो जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाकर सांसद योगेंद्र चंदोलिया का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष सतनारायण गौतम, लोकसभा प्रभारी राजकुमार भाटिया, सह प्रभारी विनोद बछेती, अलीपुर वार्ड से निगम पार्षद योगेश राणा, बख्तवारपुर से निगम पार्षद जनता देवी, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश मान, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, उत्तर पश्चिम जिला प्रभारी अशोक गोयल देवराहा, नरेला से पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व निगम पार्षद केशरानी नीलदमन खत्री, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी अध्यक्ष मोहन भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद सुनीत चौहान, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, पूर्व निगम पार्षद राजकरण खत्री, नरेला मंडल अध्यक्ष प्रताप दहिया ,बांकनेर मंडल अध्यक्ष दीपक शाह, अलीपुर मंडल अध्यक्ष सतीश स्वामी, होलम्बी मंडल अध्यक्ष अशोक साहू , जिला मंत्री सुदेश बालियान, जितेंद्र खत्री ,अमित, सुरेश खत्री सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी ,कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आप राज में महंगे दामों पर पानी खरीदकर पी रहे है लोग: शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा के** मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते दिल्ली में रहने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि जब दिल्ली में हमारी पार्टी की सरकार आयेगी तो कई सुविधाएं दी जायेगी, महिला सुरक्षा पर ध्यान दिया जायेगा, शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। लेकिन कुछ नहीं हुआ है। सभी वादे धरे के धरे ही रह गये। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से लोग काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता को मूलभूत सुविधाएं देनी चाहिए। दिल्ली में पानी की किल्लत से लोग परेशान हो रहे है, जहां पहले दो टाईम सुबह और शाम को पानी आता था, अब दिल्ली की कॉलोनियों में एक टाईम ही पानी आ रहा है और वह भी गंदा आ रहा है, जिसके चलते लोग बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पी रहे है।

# सुपर सोकर मशीन से नालों की हुई सफाई





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा वार्ड में निगम पार्षद अजीत यादव ने वार्ड 17 भलस्वा में आने वाले मानसून को देखते हुए वार्ड में कहीं भी पानी ना भरे, इस समस्या को देखते हुए जहांगीरपुरी के ब्लॉक और सी ब्लॉक के बड़े नालों की सफाई सुपर सोकर मशीन द्वारा करवाई गई। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि आज जहांगीरपुरी में बड़े नालों की सफाई सुपर सोकर मशीन से करवाई गई। उन्होंने आगे बताया कि मेरी सभी क्षेत्र वासियों से अपील है कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस अवसर पर पार्षद अजीत यादव ने कहा कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे या मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# आप ने प्यास से सुखाया दिल्ली वालों का कंठ: कांग्रेस






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजधानी में जल संकट को उजागर करने के लिए आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और केंद्र में भाजपा के खिलाफ मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुरूद्वारा नानक प्याऊ चौक पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया।

**देवेंद्र यादव के आह्वान पर किया गया प्रदर्शन:** प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने कहा की पानी के नाम पर जनता को ठगा जा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब लोगों को हो रही है। भाजपा और आप आरोप-प्रत्यारोप का खेल, खेल रही हैं। पानी का इंतजाम पहले से क्यों नहीं किया गया वह राजनीति करने में व्यस्त थे। सिर पर मटके और हाथ में कांग्रेस के झंडे लेकर प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में उन्होंने मटकों को जमीन पर पटककर फोड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान मॉडल टाउन ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शर्मा, राणा प्रताप बाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जेके डावर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजय सहगल, नीरज मित्तल, कमला नगर ब्लॉक अध्यक्ष, राजेश टांक, गौरव गांधी, सुदामा पासवान, विनोद वाधवा, राहुल वाधवा, आनंद गोयल, संजीव शर्मा, अमित वाधवा, जतिन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, अनिल ,सुरेश बजाज, मदन सिंह, श्याम लाल शर्मा, अजय चौधरी, गौरव कुलश्रेष्ठ, रविंद्र दूबे, अशोक, शेखर सरवण, अमित पांडे, हरी प्रकाश सहित सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




पानी की समस्या को लेकर निमड़ी कॉलोनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता मटका फोड़ प्रदर्शन करते हुए। इस मौके पर कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सतार, कांग्रेस नेता चन्द्रेश वर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुराड़ी के नत्थूपुरा में पानी की किल्लत को लेकर हुआ प्रदर्शन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में बुराड़ी क्षेत्र में पानी की किल्लत को लेकर मटका फोड़ प्रदर्शन का किया गया। बुराडी विधानसभा के कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खेमचंद सैनी व बुराडी ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने अपने साथियों व स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर नत्थूपुरा व प्रेमनगर निकट 100 फूटा रोड़ पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया व सरकार व दिल्ली जल बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान लोगों में पीने के पानी को लेकर भारी रोष था। इस मौके पर खेमचंद सैनी ने बताया कि यहां पर एक दिन छोड़कर एक ही दिन पानी की सप्लाई थी, अब वह भी नहीं हो रही है। इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी भी सरकार मुहैया नहीं करा पा रही है अगर थोड़ा बहुत पानी आता भी है तो वह गंदा, लाल और पीला पानी आता है, जो पीने की बात तो दूर है उससे नहाना या कपड़े धोना भी मुमकिन नहीं है। पीने की पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को 30 से 40 रुपये तक बोतल का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। जो इसे नहीं खरीद सकता उसे मजबूरी में सप्लाई का गन्दा पानी पीकर जनजलित भयंकर बीमारियों को बुलावा दे रहे हैं। इस प्रदर्शन में कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खेमचन्द सैनी, बुराडी ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रमोद त्यागी, पूर्व निगम प्रत्याशी नितिन त्यागी, अनुज त्यागी, प्रवेश त्यागी, जिला करावल नगर महासचिव सुखबीर सिंह, अशोक कुमार, मोहित सैनी, दयाचंद, अजय सैनी, पूर्वांचल ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश सिंह, मनजीत सैनी, आशु कुमार, पंकज त्यागी, सीमा मौर्य के अनेक गणमान्य व्यक्तियों व कांग्रेस नेताओं ने हिस्सा लिया। खेमंचद सैनी ने बताया कि कांग्रेस हमेशा से जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए लड़ती रही है।

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस का मटका फोड़ प्रदर्शन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** में चल रहे जलसंकट पर अब कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी के खिलाफ खुलकर बोलना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में मिलकर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने अब दिल्ली की आम आदमी पार्टी के खिलाफ पानी की किल्लत को लेकर मोर्चा खोल दिया है। दरअसल दिल्ली में छाए पानी संकट के बीच बीजेपी लगातार आम आदमी पार्टी को घेर रही है और अब कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी और केंद्र सरकार के खिलाफ 'मटका फोड़' प्रदर्शन किया।

**देवेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपा और आप के खिलाफ खोला मोर्चा:** इसी कडी में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 स्थित सम्राट सिनेमा चौक पर कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार और दिल्ली सरकार को पानी की किल्लत को लेकर कोसते हुए मटका फोड प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ-साथ शकूरपुर वार्ड नंबर-62 से पूर्व निगम प्रत्याशी मुरारी लाल, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, सत्येंद्र शर्मा, कमलकांत सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने किया पार्क का निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वजीरपुर वार्ड** के अन्तर्गत आने वाले वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित अंबेडकर पार्क में हो रहे विकास कार्यों का वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ निगम के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि आज वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित अंबेडकर पार्क में हो रहे विकास कार्यों का मैंने जायजा लिया।

# पानी की किल्लत को लेकर जहांगीरपुरी में कांग्रेस ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी की भयंकर समस्या को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने जहांगीरपुरी के एच ब्लॉक स्थित अग्रवाल स्वीटस चौक पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल ने संबोधित किया। इस मौके पर मंगतराम सिंघल ने कहा कि जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली को साफ स्वच्छ पानी 12 महीने और 24 घंटे देती थी लेकिन अब पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में पानी की किल्लत से लोग पानी की बोतल खरीद कर पीने को मजबूर है जिसका उनके परिवार के ऊपर महंगाई का एक और बड़ा बोझ पड़ रहा है अगर सरकार ने जल्दी दिल्ली के लोगों को साफ और स्वच्छ पानी मुहैया न कराया तो कांग्रेस और बडा आंदोलन करेगी। इस अवसर पर भारत सिंह राघव ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा और आम आदमी पार्टी की लड़ाई में पीस रही है कांग्रेस की हिमाचल सरकार ने दिल्ली के लिए पानी छोड़ा हुआ है लेकिन लगभग10 दिन हो जाने के बाद भी पानी दिल्ली तक नहीं पहुंचा है जोकि हरियाणा की भाजपा सरकार ने रोक रखा है। दिल्ली के अंदर टैंकर माफिया की मिली भगत से दिल्ली जल बोर्ड पानी को वेस्टीज कर रहा है। दिल्ली से जीते हुए भाजपा के सातों सांसद और दिल्ली सरकार मिलकर जल्द से जल्द दिल्ली की जनता को राहत दिलाए और साफ और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराए।

इस मौके पर प्रदर्शन में बीएलए-1 शिवांक सिंघल, भारत सिंह राघव, कांग्रेस नेता चन्द्रभान जैन, पुरुषोत्तम, आजाद, सुरेंद्र सैनी, दीपक कुमार, श्याम सुंदर, बिंद, बाबुभाई गुजराती, लाल बाबु पासवान, मूर्ति देवी, मीना बानो, बिजेंद्र राणा, साबिर अली, मनोज कुमार, सुल्तान पप्पु भाई, नबाब खान, शकीला राजवंश, फारुक रहीश भाई आदि कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

